प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के भावनगर से 34 हजार 200 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारम्भ करेंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बूंदी जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित गांवों का दौरा किया–राहत और पुनर्वास के लिए ग्रामीणों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।
- चुनाव आयोग ने मानदंडो का उल्लंघन करने के आरोप में 474 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सूची से हटाया।
- प्रदेश में कई शहरों में हल्की से तेज बारिश दर्ज–मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन विभिन्न स्थानों पर बारिश की संभावना जताई।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। वे भावनगर में समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान श्री मोदी लगभग 34 हजार दो सौ करोड रूपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। इनसे समुद्रतटीय, प्राकृतिक गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क संपर्क और चिकित्सा क्षेत्र को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री इंदिरा डॉक से मुंबई अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का भी उद्घाटन करेंगे।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बूंदी जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित गांवों के दौरे पर रहे। उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर उनका दुखदर्द बांटा। इसके साथ ही हर परिवार को आश्वासन दिया कि राहत और पुनर्वास के लिए सरकार उनके साथ हैं। श्री बिरला ने पचीपला, रिहाणा, देलुंदा, मालियों की बाडी, खेडिया, दुर्जन, बोरदा, काछियां और झालीजी का बराना गांवों में टूटे मकानों और फसल खराबे का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद श्री बिरला ने जिला प्रशासन के साथ बैठक की और अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे जल्द पूरा कर मुआवजा राशि जारी करने के निर्देश दिए। श्री बिरला ने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत जल्द करवायी जायेगी।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बांसवाडा दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा शहरी सेवा शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही निक्षय पोषण किट वितरण कार्यकम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नापला में न्यूक्लियर पावर प्लांट का भी दौरा करेंगे। श्री शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 सितम्बर को बांसवाडा में होने वाली सभा के मद्देनजर अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लेंगे।

0000

राज्य सरकार की ओर से आयोजित ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों से प्रदेशवासियों को राहत मिल रही है। इन शिविरों में विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में रीजनल कॉलेज के पास लगे शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सेवा पखवाडा के तहत आयोजित कार्यक्रम स्वच्छता रैली में भाग लिया। श्री देवनानी ने नगर निगम सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट वितरित किए और स्वच्छता शपथ दिलाई। नगरिय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव देवाशीष ने पृष्ठी ने कल जयपुर में जेडीए की ओर से लगाये गये शिविर का जायजा लिया। शिविर में जेडीए ने 94 आवेदनों का निस्तारण किया। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज अलवर में शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण करेंगे। वहीं बारां में जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का जायजा लेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा पखवाडे के तहत आज अजमेर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि वैशालीनगर पीएचसी में हो रहे इस शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच की जा रही है। इसी कडी में कल नमो युवा रन का आयोजन किया जायेगा। राजधानी जयपुर में अमर जवान ज्योति से ये रन शुरू होगी।

0000

गृह मंत्री अमित शाह का कल जोधपुर दौरे का कार्यक्रम है।अपने एक दिवसीय प्रवास में श्री शाह जोधपुर में बनने वाले नेत्रहीन महाविद्यालय के शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। ये महाविद्यालय रामराज नगर में बनाया जायेगा। वहीं केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आज जोधपुर पंहुचेंगे। उनका काजरी के वैज्ञानिकों के साथ बैठक का कार्यक्रम हैं।

0000

चुनाव आयोग ने मानदंडों का उल्लंघन करने के आरोप में 474 **पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों** को सूची से हटा दिया है। यह निर्णय 2019 से लगातार छह सालों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी नहीं कर पाने के कारण लिया गया है। इस प्रक्रिया के पहले चरण में, आयोग ने पिछले महीने 334 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाया था। इस प्रक्रिया के साथ, पिछले दो महीनों में 808 राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया गया है।

0000

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन किसी का वोट नहीं हटा सकता। कर्नाटक के अलंद में भी किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से नहीं हटाया गया है। आयोग ने बताया कि 2023 में, नाम हटाने के संदिग्ध प्रयास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना मतदाता–सूची से उसका नाम नहीं हटाया जा सकता।

0000

देशभर में 22 सितम्बर से लागू हो रहे नई पीढी के जीएसटी सुधारों से आमलोगों को काफी फायदा होगा। सभी वर्ग के लोगों ने कर दरों में कटौती का स्वागत किया है। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी और राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी कल पाली में मीडिया से रूबरू हुए। श्री चौधरी ने कहा कि जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी घटाने से आम उपभोक्ताओं और किसानों को फायदा मिलेगा।

0000

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री चतुर्वेदी ने कहा कि दवाईयों और बीमा सहित कई वस्तुओं पर कर दर में कटौती से आम आदमी के रोजमर्रा के खर्चे होंगे।

0000

प्रदेश में कल जयपुर समेत कई शहरों में हल्की से तेज बारिश दर्ज की गई। **उत्तरप्रदेश में सक्रिय** नये परिसंचरण तंत्र के प्रभाव से राज्य में बरसात का ये दौर शुरू हुआ, जो अगले तीन–चार दिन बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर दोपहर बाद मौसम बदला और हल्की से तेज बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। बांसवाडा के बागीदौरा और कुशलगढ में बीती रात कुछ देर जमकर पानी बरसा। करौली और आसपास के क्षेत्र में भी देर रात झमाझम बारिश हुई। कोटा, बूंदी, अजमेर, चित्तौडगढ, सवाईमाधोपुर, उदयपुर, टोंक, दौसा, बारां और राजसमंद तथा राजधानी जयपुर में बारिश हुई। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानों पर भी हल्की बारिश हुई। भीलवाडा में काफी तेज बरसात हुई। बिजोलिया में 10 सेंटीमीटर तथा मांडलगढ में 5, सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। भीलवाडा से हमारे संवाददाता ने बताया कि दोपहर बाद घने बादल छाये और गरज के साथ मूसलाधार बारिश हुई।

0000

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 22 सितम्बर तक भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग में कुछ भागों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**0000**